संक्षिप्त

मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

शाहपुरा । संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती पर 23 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। धोबी समाज के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय व शासन सचिवालय जयपुर को यह पत्र प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मंडोवरा ने बताया कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज धोबी समाज के एक महान संत रहे हैं, जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन काल में समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिससे समाज को नई दिशा मिली। अध्यक्ष मंडोवरा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर 23 फरवरी को संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती के उपलक्ष में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग मांग की है।

विशेष रियायत योजना लागू

कोटपूतली। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन को प्रोत्साहित करने तथा होटल एवं अन्य सेवा क्षेत्र की इकाइयों को अनुमति व्यवस्था के अंतर्गत लाने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक विशेष रियायत योजनालागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे होटल एवं सेवा क्षेत्र की इकाइयाँ, जैसे- रिसॉर्ट्स, अस्पताल, मैरिज गार्डन, शिक्षण संस्थान, शॉपिंग मॉल, ऑटोमोबाइल सर्विसिंग स्टेशन, कॉल सेंटर, बीपीओ आदि, जो वर्तमान में बिना संचालन की सम्मति के संचालित हैं, वे 31 मार्च 2026 तक अपनी सम्मति हेतु आवेदन कर सकती हैं।

ज्ञापन सौंपा

निवाई। उपखंड कार्यालय में शिव विहार कॉलोनी ढाणी जुगलपुरा के निवासियों ने धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि शिव विहार आवासीय कॉलोनी ढाणी जुगलपुरा में कॉलोनाइजर से प्रार्थियों ने एग्रीमेंट पर भूखंड खरीदे थे। जिन पर प्रार्थी ने मकान बनाकर रह रहे हैं। उक्त कॉलोनाइजर ने उक्त भूखंडों को अन्य व्यक्ति को बेचान कर दिया। उक्त भूखंडों को खरीदने वाले कॉलोनाइजर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए भूखंड खाली करवाने के लिए परेशान कर रहे हैं एवं उनको उक्त भूखंडों के स्थान पर अन्य दूसरे स्थान पर भूखंड देने का झांसा दे रहे है। उन्होंने धोखाधड़ी करने के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मुकेशकुमार जांगिड़, कैलाश वैष्णव, शंभूदयाल शर्मा, बाबूलाल बैरवा व कमला देवी जांगिड़ सहित कई कॉलोनी वासी मौजूद थे।

सुल्तान खटीक बने महासचिव

मानपुरा माचेडी। मानपुरा माचेडी निवासी सुल्तान खटीक (नेगी) को पूर्व मंत्री राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एस.सी.ममता भूपेश बैरवा द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा जिला कार्यकारणी में महासचिव पद पर नियुक्त किया है।सुल्तान खटीक को महासचिव बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी ।

मशाल यात्रा निकाली

निवाई। सकल हिंदू समाज एवं मनसा पूर्ण बालाजी भक्त मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर भव्य मशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों युवक-युवतियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मंडल अध्यक्ष विशाल सैनी व लक्ष्य शर्मा (मोंटी) ने बताया की हिंदू सम्मेलन को लेकर निवाई नगर के इतिहास में पहली बार बैंड बाजे के साथ भव्य मशाल यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि मशाल यात्रा दादू दयाल बस्ती के मनसा पूर्ण बालाजी पेट्रोल पंप जमात से शुरू हुई।

रजवास में आज होगा आध्यात्मिक सत्संग

निवाई। रजवास में बुधवार को एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। आयोजक रामदयाल भेंड़वाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामसनेही संप्रदाय आश्रम शाहपुरा भीलवाड़ा के अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगदगुरु आचार्य रामदयाल महाराज द्वारा एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

सबको बीमा अभियान के तहत जिले के 9 गांव शत-प्रतिशत बीमित गांव घोषित

- राज्य बीमा एवं जीपीएफ विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने सबको बीमा योजना के सम्पूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया

अलवर। भारत सरकार एवं भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण की 2047 की दूरदर्शी परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सबको बीमा अभियान 2047 के अंतर्गत भारतीय बीमा के क्षेत्रा के इतिहास में जिले में प्राप्त विशिष्ट उपलब्धि के उपलक्ष्य में प्रताप ऑडिटोरियम में शत-प्रतिशत बीमित ग्राम घोषणा समारोह आयोजित हुआ, जिसमें जिले की चयनित 9 ग्रामों को औपचारिक रूप से शत-प्रतिशत बीमित ग्राम घोषित किया गया।

भारतीय बीमा के क्षेत्र में प्राप्त विशिष्ट उपलब्धि के उपलक्ष्य में शत-प्रतिशत बीमित ग्राम घोषणा समारोह आयोजित हुआ।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने कहा कि सबको बीमा अभियान आमजन को बीमा से जोडकर उनके जीवन को संरक्षित करने की अनौखी पहल है। देश में ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए जिले के 9 ग्राम पूर्णतः बीमित हुए हैं, यह अलवर जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल बीमा के सामाजिक महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि वित्तीय सुरक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उभरकर सामने आया है।

राज्य बीमा एवं जीपीएफ विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने सबको बीमा योजना के सम्पूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बीमा केवल वित्तीय उत्पाद नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का आधार है। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक श्री मैथ्यू जॉर्ज ने कहा कि अलवर में जिस प्रकार योजनाबद्ध, पारदर्शी और समन्वित ढंग से बीमा कवरेज सुनिश्चित किया गया है, वह पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल है। यह पहल देशभर में बीमा विस्तार के लिए एक उदाहरण स्थापित करेगी।

9 ग्रामों अलवर तहसील के गांव भुल्ला का बास, मालाखेडा तहसील के गांव बिचपुरी, गोविन्दगढ तहसील के गांव पालानखेडा, लक्ष्मणगढ तहसील के गांव अंतापाडा, कठूमर तहसील के गांव हनुमंता, राजगढ तहसील के गांव कल्याणपुरा, रैणी तहसील के गांव मोरोडखुर्द, थानागाजी तहसील के गांव कोडालका एवं रामगढ तहसील के गांव लालपुर को औपचारिक रूप से शत-प्रतिशत बीमित ग्राम घोषित किया गया। यह प्रदेश और देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बीमा कवरेज के अंतर्गत संबंधित बीमा पॉलिसियाँ यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा विधिवत जारी की गईं।

13 फरवरी तक आयोजित होंगे शिविर

अलवर । जिले में घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्धघुमन्तु) के व्यक्तियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित कराने के उद्देश्य से जिले में 4 से 13 फरवरी तक विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोडकर ऑनलाइन घुमन्तु प्रमाण जारी किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 4 फरवरी को पंचायत समिति सभागार राजगढ में, 5 फरवरी को पंचायत समिति सभागार रैणी, 6 फरवरी को पंचायत समिति सभागार कठूमर, 9 फरवरी को पंचायत समिति सभागार रामगढ एवं थानागाजी, 10 फरवरी को पंचायत समिति सभागार लक्ष्मणगढ, 3 फरवरी को पंचायत समिति सभागार मालाखेडा में विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्धघुमन्तु सहायता शिविर आयोजित होंगे।

270 व्यक्तियों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया

पावटा। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा की ओर से चलाया जा रहा स्वास्थ्य लाभ अभियान के तहत 9वां विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन ग्राम टोरडा गुजरान के सरकारी स्कूल प्रांगण में डॉ. साधना शर्मा उपखंड अधिकारी पावटा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। शिविर आयोजक एडवोकेट अशोक सिंह गुर्जर ने बताया कि शिविर का शुभारंभ श्री श्री 108 श्री प्रेमनाथ महाराज वर्तमान सरपंच के कर कमलों द्वारा किया गया व शिविर में विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र चौधरी भाजपा जिला महामंत्री जयपुर देहात, लोकेंद्र मीणा तहसीलदार पावटा, राजेंद्र अदाली भाजपा मंडल अध्यक्ष भोनावास, रामनिवास यादव अध्यक्ष बार एसोसिएशन पावटा उपस्थित रहे। शिविर में मुकेश सैनी पूर्व सरपंच टसकोला, एडवोकेट उपवन सैनी, बंसी गुर्जर, हीरालाल पीटीआई, श्रीराम नेता, रमेश, सिद्धार्थ, रामकुमार सरपंच, श्रीराम सूबेदार, बाबूलाल, प्रहलाद, उमराव एवं पावटा बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों का सानिध्य प्राप्त हुआ। शिविर संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि शिविर में निम्स अस्पताल जयपुर की डॉक्टर्स टीम ने सेवाएं दी जिसमें 270 व्यक्तियों ने निशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया एवं 17 व्यक्ति आंखों के ऑपरेशन के लिए पंजीकृत हुए। वही शिविर में निशुल्क दवा वितरण की गई।

शिविर डॉ. साधना शर्मा उपखंड अधिकारी पावटा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

छात्रावासों का निरीक्षण किया

अलवर। राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने आज सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन जी.डी. कॉलेज परिसर में संचालित राजकीय देवनारायण कन्या महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

देवनारायण अध्यक्ष भडाणा ने निरीक्षण के दौरान छात्रावास में आवासित छात्राओं से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेकर छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया कि छात्राओं को ओर बेहतर सुविधाऐं प्रदान की जावें। साथ ही छात्रावास में समय-समय पर सामाजिक कार्यकर्ता, एन.जी.ओ. प्रतिनिधि एवं प्रेरक वक्ता द्वारा मोटिवेशनल सेशन आयोजित करवाए जाकर छात्राओं को मोटिवेशन एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक सामाजिक जानकारी/कानूनों की जानकारी प्रदान करावें। इसके उपरान्त उन्होंने पटेल गुर्जर छात्रावास का निरीक्षण किया।

नगर पालिका ईओ की मनमानी शहर वासियों पर पड़ रही है भारी

- देवली शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड के पीछे गांधीनगर कॉलोनी मे कचरे और गंदगी का डंपिंग यार्ड बनाकर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़

देवली । शहर की नगर पालिका के अधिकारी की मनमानी ने यहां लोगों का जीना दुश्वार किया हुआ है. जी हां ऐसा ही एक मामला देवली शहर के वार्ड नंबर 16 के गांधीनगर कॉलोनी का सामने आया है। यहां नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने देवली शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड के पीछे गांधीनगर कॉलोनी मे कचरे और गंदगी का डंपिंग यार्ड बनाकर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया हुआ है। ऐसे हालातो पर वार्ड नंबर 16 के गांधीनगर कॉलोनी मे रहने वाले लोगों ने बताया कि यह कॉलोनी देवली शहर की पोश कॉलोनियों की श्रेणी में आती है। इसके बावजूद नगर पालिका के उक्त अधिकारी यहां कॉलोनी के बीचो-बीच गंदगी और कचरा डलवाने से बाज नहीं आ रहे हैं ।

कॉलोनी वासियों ने यह भी बताया कि यहां के एक भूखंड कीमत एक करोड रुपए से भी ऊपर पहुंच गई है । तो वही इस कॉलोनी में सरकारी कर्मचारी और कारोबारियो के मकान बने हुए हैं। साथ में नगर पालिका ने यहां गार्डन का निर्माण कराया हुआ है। इस गार्डन के इर्द-गिर्द नगर पालिका गंदगी और कचरा डलवाकर मासूम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। तो वही यहां गार्डन में खेलते बच्चों के बीच गंदगी से उठने वाले संक्रमण के फेलने का खतरा बना रहता है। ऐसे हालातो की जानकारी पालिका ईओ सुरेश कुमार मीणा को बखूबी प्राप्त है। इसके बावजूद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी यहां कॉलोनी के बीचो-बीच कचरा और गंदगी डलवा रहे हैं।

इतना ही नहीं नगर पालिका उक्त अधिकारी ने इस कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर डंपिंग यार्ड बनवा दिया है। जिसमें सफाई कर्मचारी, बस स्टैंड,,गौरव पथ, जनता कॉलोनी, तेली मोहल्ला, इत्यादि क्षेत्र का कचरा और गंदगी लाकर यहां डाल रहे हैं। यहां बने ऐसे हालातो पर शहर के कारोबारी दुर्गा लाल जांगिड़ ने बताया कि वह इसी कॉलोनी के निवासी हैं। और यह कॉलोनी शहर की पोश कॉलोनी की श्रेणी में आती है। ऐसे में यहां शर्मनाक बात तो यह है कि। नगर पालिका के अधिकारी द्वारा यहां मुख्य मार्ग पर और घरों के पीछे कचरा डलवाया जाता है। कॉलोनी निवासी दुर्गा लाल जांगिड़ ने यह भी बताया कि यहां बने ऐसे हालातो की सूचना उनके द्वारा कई बार पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा को दी गई है। बावजूद इसके उक्त अधिकारी ने ऐसे हालातो को नजरअंदाज किया हुआ है।

इसी प्रकार देवली नगर पालिका के पार्षद भीमराज जैन ने बताया कि वार्ड नंबर 16 से उनकी पत्नी सीता देवी जैन पार्षद है। ऐसे में पार्षद होने के नाते मैंने और मेरी पत्नी पार्षद सीता देवी ने पिछले तीन वर्षों में कई मर्तबा ऐसे हालातो की लिखित में शिकायत पालिका ईओ को दी हुई है। और यहां से डंपिंग यार्ड हटाने की गुहार तक लगाई हुई है। लेकिन उक्त अधिकारी ने लिखित में दी गई शिकायतों को गंभीरता नहीं लिया हुआ है।

चौमूं में भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी का किया स्वागत

चौमूं / कालाडेरा । जयपुर से सालासर बालाजी के दर्शन के लिए जाते समय मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी का चौमूं आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिको के द्वारा राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफा बंधवाकर और माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया। महामंत्री सैनी के स्वागत में माली समाज के लोगों ने जेसीबी मशीन पर खड़े होकर पूरे काफिले पर पुष्प वर्षा की। नगर परिषद से लेकर सैनी समाज सभा भवन तक उन्हें खुली जीप में बैठाकर ले जाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए।

संबोधन के दौरान प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें रामलाल शर्मा के साथ विद्यार्थी परिषद से लेकर युवा मोर्चा तक विभिन्न संगठनों में लंबे समय तक कार्य करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए इसे सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बताया और कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग के कल्याण को समर्पित है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ बूथ स्तर के साधारण कार्यकर्ता को भी उसकी मेहनत और निष्ठा के दम पर पार्टी के सर्वोच्च पदों तक पहुँचने का अवसर मिलता है। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट गुड्डू सैनी, जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, कालूराम जाट, गजानंद कुमावत, संदीप शर्मा, राहुल बागड़ा, गजेन्द्र यादव, आलोक जांगिड़, महेश शेरावत, हनुमान बागड़ा, अरविंद यादव, सैनी समाज अध्यक्ष हीरालाल पांच्या, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, मदन सतरावला, मदनलाल जादम, कवि रामावतार सैनी, मदन बगड़ी, हनुमान सिंगोदिया, रामावतार जमालपुरिया, कैलाश बेनाडिया, मनोज पत्रकार, गौरव सैनी, धर्मेन्द्र बंजारा, बजरंग कुमावत, मोहन लाल, बन्ना लाल जाटावाली, नानूराम सैनी, राजेंद्र फौजी, रफीक नागौरी, बाबूलाल यादव, रामावतार कुलदीप, बलदेव टांक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, सैनी समाज के प्रबुद्ध जन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

'सरकार की योजनाओं का प्रचार कर पात्र लाभार्थीयो को लाभान्वित करें'

- बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति और जिला स्तरीय आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना समिति के अधिकारी मौजूद रहे

खैरथल। जिला सचिवालय पर सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई जिसमें जिला जल एवं स्वच्छता समिति और जिला स्तरीय आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना समिति के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया कि अमृत 2.0 के अंतर्गत शहरी योजना टपूकड़ा एवं एनसीआर परियोजना के अंतर्गत शहर खैरथल का कार्य प्रगति पर है और जल जीवन मिशन के तहत 317 ग्रामों का कार्य भौतिकरूप से पूर्ण कर 219 ग्राम हर घर जल रिपोर्ट एव 57 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके है, 93 ग्रामो की योजना ग्राम पचायतों को हस्तानान्तरित किए गए हैं।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा एवं, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को सरकार की योजनाओं का आईईसी गतिविधियों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए, ताकि पात्र लाभार्थी लाभान्वित हो सके।

इसके अलावा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में उन्होंने जिले में स्वीकृत जल योजनाओ एवं प्रस्तावित जल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध मे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा एवं कार्य प्रगति की स्थिती की जानकारी प्राप्त की।

आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत जिले की चिन्हित 5 ग्राम पंचायत में से जिन ग्राम पंचायत के द्वारा 18 सूचकांकों की पूर्ण पालन की जाएगी उसे ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दि जाएगी।

इस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित सभी विभागों को सभी 18 सूचकांकों पर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

दौसा। कालोता कस्बे में सरकी कुई शिव मंदिर परिसर कुश्ती दंगल व मेले का आयोजन किया गया। दूर दराज से आए हुए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इस अवसर पर प्रशासक विनोद बैरवा ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ अनुशासन और भाईचारे की भी भावना पैदा करता है। दंगल में दूर दराज से आए हुए नामचीन पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया।

अखाड़े में उतरते ही पहलवानों ने एक दूसरे को पटखनी देने के लिए शानदार दांव पेंच खेले। दर्शकों ने पहलवानों के प्रदर्शन पर खूब तालियां बजाई। दंगल की सबसे बड़ी आखरी कुश्ती देवेन्द्र पहलवान कालोता व हंसराज गुर्जर खोर्रा के बीच हुई। यह मुकाबला दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। काफी देर तक चले संघर्ष के बाद पहलवान देवेन्द्र ने आखरी कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। इस कुश्ती व मेले का आयोजन ग्राम पंचायत की और से किया गया। कुश्ती दंगल के साथ साथ मेले का भी आयोजन किया गया।

सार-समाचार

सचिन पायलट ने उद्घाटन समारोह में शिरकत की

जयपुर। सचिन पायलट ने जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात (पश्चिम) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी के पदभार ग्रहण एवं कार्यालय उद्घाटन समारोह में शिरकत की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जी, विधायक प्रशांत शर्मा जी, विधायक अमीन कागजी जी, विधायक अभिमन्यु पूनिया जी, विधायक रोहित बोहरा जी, विधायक शिखा मील बराला जी, जयपुर ग्रामीण से लोकसभा प्रत्याशी रहे अनिल चोपड़ा जी, पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर जी एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

मंगल प्रवेश में उमड़े श्रद्धालु

निवाई/गुंसी। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज का विज्ञातीर्थ पर गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विज्ञातीर्थ कार्यअध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि मंगल प्रवेश का जुलूस मूंडिया से रवाना हुआ। मंगल प्रवेश में श्रद्धालु जैन धर्म ध्वज पताका लेकर चल रहे थे। जुलूस में शाही लवाजमे के साथ डीजे के भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान महिला मंडल की महिलाओं ने भी जमकर भक्ति नृत्य किया। विमल जौंला ने बताया कि मंगल प्रवेश का जुलूस सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ मंदिर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं द्वारा भव्य पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान ज्ञानमाताजी ससंघ ने आचार्य वर्धमान सागर महाराज का पाद प्रक्षालन करके गुरू चरण वंदना की। आचार्य का रजतमय थालियों से भव्य पाद प्रक्षालन किया। इसके पश्चात आचार्य ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर सुशील आरामशीन, नरेश बनेठा, जितेन्द्र चंवरिया, अमित कटारिया, मोहित चंवरिया, अखिल कटारिया, सुनील गिंदोडी, हेमंत चंवरिया, विष्णु बोहरा, लोकेश झिलाय, अरविंद ककोड, विमल सोगणी, रौनक बोहरा, राहुल बोहरा, राजकुमार संघी, शकुंतला भाणजा, नीरा जैन, अनीता सेदारिया व शिमला मोटूका सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

नवीन कार्यकारिणी को दिलवाई शपथ

निवाई। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की नवीन कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ आराध्य देव स्वामी रामचरण महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि किशनगोपाल विजय टोंक, अभिषेक विजय, रामबाबू विजय, मुरलीधर विजय, नवरतन विजय, हेमराज विजय, कमलेश विजय, सीताराम विजय व बजेंद्र सवाई माधोपुर ने विचार व्यक्त किया। समाज के अध्यक्ष जितेंद्र विजय ने बताया समारोह में नवीन कार्यकारिणी के प्रदीप विजय व चांदमल विजय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शशिकांत विजय ,राजेश विजय को उपाध्यक्ष, बाबूलाल विजय को महामंत्री, कन्हैयालाल विजय को कोषाध्यक्ष, महेश कुमार विजय को मंत्री, विशाल विजय को सह मंत्री, सुरेश विजय को सांस्कृतिक मंत्री, रिंकू विजय को महिला संयोजक, रामदयाल विजय को समाज सुधार मंत्री, रमेश विजय को स्वामी रामचरण जयंती संयोजक एवं रामचरण विजय को युवा संयोजक के पद पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि समाज की मजबूती के लिए संरक्षक मंडल में रामराय विजय, केदार विजय व महेंद्र विजय को शामिल किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों एवं परामर्श समिति में समाज के वरिष्ठ अनुभवीजनों को मनोनीत किया गया है। विधायक रामसहाय वर्मा एवं अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए समाज के हित में एकजुट होकर कार्य करने का आ ान किया। अंत में समाज के अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बबलेश विजय, नरेंद्र विजय, रामकल्याण, रमेश विजय, कमलेश,गणेश, सीताराम, कैलाश नटवाड़ा, सत्यनारायण, शंभू, सुरेश व शिवराज सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

ललवाड़ी में हिंदू सम्मेलन 8 को

निवाई। ग्राम पंचायत ललवाड़ी में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर धीरजसिंह सोलंकी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कई गांवों के ग्रामीणों ने भाग लिया। अध्यक्षता कर रहे धीरजसिंह सोलंकी ने बताया कि 8 फरवरी को आयोजित हिन्दू सम्मेलन की रुपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि हिन्दू सम्मेलन में साधु संतों का आगमन, भजन कीर्तन रामधुनी, हनुमान चालीसा एवं भव्य कलश यात्रा निकालने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा गणेश मंदिर से रवाना होते हुए राजकीय विद्यालय पहुंचेगी जहां पर साधु-संतों एवं संघ के प्रांत स्तरीय अधिकारियों का सानिध्य व बौद्धिक का आयोजन होगा। अंत में भगवान की आरती के बाद भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर समिति के संयोजक प्रभुसिंह राजावत, संरक्षक रूपचंद जैन, सह संरक्षक कृष्णसिंह राजावत, मीडिया संयोजक कमलकुमार सैनी, संघ के कार्यकर्ता गिर्राज ट्रेलर, बलवंत सिंह, गिरिराजसिंह, भंवरसिंह, प्रशासक देवालाल गुर्जर, शंकर महावर, हेमराजसिंह, सत्यनारायण चौधरी, विनोदशर्मा, महेश मिस्त्री, छोटूलाल सैनी, ओंकारसिंह, अमरसिंह, नंदसिंह, कालू सैनी, मुकेश सैनी व विजयनारायण स्वामी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

आाज अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

कोटपूतली। बहरोड़ जिले के एससी-एसटी एवं पोक्सो न्यायालय के जिला मुख्यालय कोटपूतली पर न्यायिक कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं। लेकिन इन न्यायालयों को अन्य किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने हेतु बहरोड़ न्यायालय के अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार एवं उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के विरोध में कई दिनों से लगातार न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रखा है एवं राजनैतिक स्तर पर भी दबाव बनाया जा रहा हैं। जिसके विरोध में जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली द्वारा बुधवार 04 फरवरी को पेन डाउन कार्य बहिष्कार कर सांकेतिक विरोध प्रदर्षन किया जायेगा। साथ ही जिला न्यायाधीश व जिला कलक्टर को राजस्थान उच्च न्यायालय व राज्य सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा जायेगा। ज्ञापन में एससी-एसटी एवं पोक्सो न्यायालय समेत जिला स्तरीय सभी न्यायालय व कार्यालय जिला मुख्यालय कोटपूतली पर ही यथावत् रखे जाने की मांग भी की जायेगी।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा । महर्षि दयानन्द सरस्वती विद्यापीठ शाहपुरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर के अध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा की अध्यक्ष व अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम ललिता शर्मा के निर्देशन में दिनेश कुमार शर्मा न्यायमित्र तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं नालसा योजनाओं के अन्तर्गत साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, शिक्षा का अधिकार आदि की जानकारी दी। इस शिविर की अध्यक्षता संस्था के निर्देशक सोहन लाल शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन भाषण में बताया की आज के युग में शिक्षा अनिवार्य है, शिक्षित होकर वे अपनी सहभागिता समाज व देश को दे पाएंगे। महिला शिक्षा के सन्दर्भ में महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष पिंकी शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को किसी भी तरह के डिप्रेशन या समस्या के लिए गरिमा हेल्पलाइन लाइन नम्बर 1090 पर सूचित कर सकते है या गरिमा पेटी में अपनी समस्या या शिकायत डाल सकते है। न्यायमित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज पर्यावरण के संरक्षण की विशेष आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के अन्तर्गत हम सभी को अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाना चाहिए जिससे हम सबके जीवन खुशहाली आएगी। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्यावरण का स्वच्छ होना आवश्यक